# एमपीईबी के लोहे के पोल काटने की डकैती की साजिश नाकाम

## माड़ा पुलिस ने घेराबंदी कर पांच आरोपियों को दबोचा, गैस कटर, सिलेंडर और पिकअप वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जून। माड़ा थाना क्षेत्र की बंधौरा चौकी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एमपीईबी के हाईटेंशन लाइन के लिए लगाए गए लोहे के पोलों को काटकर ले जाने की डकैती की योजना बना रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से लाखों रुपये की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की साजिश नाकाम हो गई।**

पुलिस के अनुसार 12 जून को चौकी प्रभारी बंधौरा उपनिरीक्षक बीएल बंसल को मुखबिर से सूचना मिली कि बंधौरा क्षेत्र में पहाड़ी किनारे, जहां हाल ही में एमपीईबी द्वारा बड़ी विद्युत लाइन के लिए लोहे के पोल लगाए गए हैं, वहां कुछ लोग पिकअप वाहन के साथ एकत्र होकर वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना में बताया गया कि आरोपियों के पास गैस कटर और सिलेंडर मौजूद हैं तथा वे सुरक्षा में तैनात गार्ड को डराने-धमकाने और मारपीट कर पोल काटकर ले जाने की चर्चा कर रहे हैं। चौकी प्रभारी ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए माड़ा थाना प्रभारी टीआई शिवपूजन मिश्रा के नेतृत्व में एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर



पुलिस टीम ने तत्काल मौके के लिए रवाना होकर दो अलग-अलग दल बनाकर घेराबंदी की। पुलिस ने रणनीतिक तरीके से कार्रवाई करते हुए संदिग्धों को चारों ओर से घेर लिया। पुलिस को देखकर आरोपी पिकअप वाहन में बैठकर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया।

### चोर गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में सत्यम सोनी पिता बृजमोहन सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी गनियारी, सत्यम साकेत पिता रमेश साकेत उम्र 19 वर्ष निवासी टांकीज रोड बैढ़न, राहुल साकेत पिता मोतीलाल साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी नगवां प्लाट नंबर 1 तथा दो विधि-विरुद्ध बालक शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 66 जी 2911, एक कमर्शियल गैस सिलेंडर, गैस कटर पाइप और पेट्रोमैक्स सिलेंडर बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग पांच लाख रुपये है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 310(4) एवं 310(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई है, जबकि मामले की विस्तृत विवेचना जारी है।

# ससि सम्पन्न सदा रह धरनी त्रेता भइ कृतजुग कै करनी

देस मा आमदनी बढय कै बतकहाव हम पाच्य खूब करित हयन, पर साल मा एक बेरी ओखर बतकहाव होत हय जेखे माथे इया सब होइ रहा हय. एहि से मानस मा तुलसी बाबा लिखिगे हय कि ससि सम्पन्न सदा रह धरनी,त्रेता भइ कृतजुग कै करनी.इया ता हम पाच्य निकहे से जनित हयन हमार करनी हमिन का सुख-दुख देत ही.इया बात दूसर आय की कुछु हम पाच्य समझ पाइत हयन अउर कुछु बातन का समझ कै अनजान बने रहित हयन. इया जान लेइ की जान कै अनजान बने से जउन पीरा मिलत ही वा सारी उमिर मनई का ढोमय का विवस होय का परत हय. पुरखन कै कहनुत का मानी ता इया मनुक का तन पांच तत्तन से मिलकर बना हय. जउन हमी धरती,अकास,हवा अउर प्रकृति से मिलत हय. अब जउने मेर से आंखीमूद कै सब कुछु होइ रहा हय एहि से हस्तन तपन यति होय लाग ही जेहि सहब सब कै बस मा नाही आय.फेर चालू होत हय वा खेल जउन कलयुग मा छोट-बड़े सब का अपने समर्थ से खेलय का परत हय.तुलसी बाबा कहिगे हय कि इया पृथ्वी सब से सम्पन्न ही पर एखर उपभोग जेखर जइसन समझ होइ वो मेर से करि.अब ता सब कुछु आगम देखत हय. मनई त्रेता,द्वापर कै राक्षसन से आगे निकल गा हय. अब ता ना नदी बचय ना पहार जंगल अउर जीव ता उनखे हाथए मुठी कै आय.जेहि जहां से कमाय का मौका मिल रहा हय वा फेर एया नाही सोचय की ओखे बाद लड़का-बच्चन का होई. हमार ता मानब इया हय की विग्यान जब धरती का गोल बताय दिहिनिस हय अउर यहो तय होइ ऊँचा हय की इया घूमत ही ता इया मान लेई की अपना कै करनी कहुँ ठउर ना देई. चाहे इया दुनिया मा कहुँ चले जाई सब जग्घा अपनी करनी का फल भोगय का परि. अबहुँ सोच कै इया मेर कै विनास का रोका जा सकत हय. अइसन करके दुनिया भर कै मानवता का पुरखन कै बताए मार्ग मा चलय कै राह देखाई जा सकत ही.




99 डॉ. संजय पयासी

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माड़ो के समीप बीती देर रात तकरीबन 12 बजे हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि पुलिस लिखे स्कॉर्पियो वाहन को मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया.**

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के सब को पीएम के लिए अस्पताल में रखा दिया है वहीं घटना कारित करने वाले वाहन को जप्त कर चालक की पता तलाश शुरू कर दी है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मृतक विजय सोंधिया निवासी बैकुंठपुर वार्ड नंबर 7 बीती रात्रि तकरीबन 12 बजे बाइक से अपने घर की ओर जा रहा था जैसे ही वह ग्राम माड़ो के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. इस सड़क हादसे में युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई .

# 10 फीट लंबे मगरमच्छ का तालाब से रेस्क्यू ,7 महीने से थी दहशत



नवभारत न्यूज

**सीधी, 13 जून. जिले के जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम गोडाही में पिछले सात महीनों से दहशत का कारण बने लगभग 10 फीट लंबे मगरमच्छ को शनिवार शाम को रेस्क्यू किया गया।**

वन विभाग की टीम ने करीब चार घंटे की भारी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ा और उसे सोन नदी स्थित अभ्यारण्य में सुरक्षित छोड़ दिया, जिसके बाद गांव वालों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले सात महीनों से इस तालाब में मगरमच्छ डेरा डाले हुए था, जिसकी वजह से पूरे गांव में डर का माहौल था। लोग तालाब के पास जाने से भी कतराने लगे थे। स्थिति यह थी कि तालाब में पानी पीने जाने वाले कई मवेशी कभी लौटकर वापस नहीं आए और वे इस मगरमच्छ का निवाला बन गए, जिससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ा। गांव के लोगों ने पहले भी कई बार वन विभाग को इसकी सूचना दी थी, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### चार घंटे चला चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन

शनिवार को वन विभाग की टीम ग्राम गोडाही पहुंची और दोपहर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बीट प्रभारी जोखीलाल प्रजापति ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर टीम तुरंत एक्शन में आई। मगरमच्छ बेहद सतर्क और चालाक था, जिसके कारण उसे जाल में फंसाना काफी चुनौतीपूर्ण रहा। करीब चार घंटे की कड़ी मेहनत के बाद शाम लगभग 6 बजे टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित काबू में कर लिया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में बीट प्रभारी जोखीलाल प्रजापति, अंजली शर्मा, रामराज शर्मा और जोगदहा टीम के सदस्य शामिल रहे।



# खेलों से मजबूत होगा युवा शक्ति का भविष्य : रामनिवास

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 जून। क्रीड़ा भारती सिंगरौली द्वारा आयोजित खो-खो प्रतियोगिता 2026 सीजन 1 का शुभारंभ राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच हुआ।**

प्रतियोगिता में जिले एवं संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोटिया उपस्थित रहे। वहीं सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष गिरीश द्विवेदी, पूर्व विधायक सुभाष वर्मा, मनोरमा शाहवाल, अक्षय शाह, अनिल शाह, नीरज कुशवाहा, ओम प्रकाश शाह तथा बृजेश जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सशक्त मंच हैं। उन्होंने युवाओं से खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के आयोजन में क्रीड़ा भारती सिंगरौली के जिला मंत्री एवं सिंगरौली सिंघम स्पोर्ट्स के संस्थापक संजय सिंघम शाह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लापता युवक का बावली में उतराता मिला शव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 जून, रीवा जिले के मनिकवार चौकी क्षेत्र अंतर्गत अमिलिहा गांव में आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब बाबली में एक अज्ञात युवक का शव उतराता हुआ देखा गया.**

स्थानीय ग्रामीणों द्वारा तत्काल इसकी सूचना मनिकवार चौकी पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया. मनिकवार चौकी प्रभारी राजेंद्र द्विवेदी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मृतक युवक की शिनाख्त सागर अग्निहोत्री उम्र लगभग 25 वर्ष पिता बालेंद्र शेखर अग्निहोत्री के रूप में की गई है. मृतक दुआरी गांव थाना गुढ़ का रहने वाला था. परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सागर अग्निहोत्री कल से अपने घर से बिना बताए कहीं लापता था. परिवार में पहले से ही गमी का माहौल था और आज ही घर में तेरहवीं का कार्यक्रम आयोजित होने वाला था.

# प्रौढ़ महिला फांसी के फंदे पर झूली

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 13 जून। चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम रजदहा निवासी एक 58 वर्षीय प्रौढ़ महिला ने आज शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे अपने घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रजदहा निवासी निसोचिय देवी साकेत पति कल्लू साकेत उम्र 58 वर्ष आज शनिवार की दोपहर के वक्त कमरे के अंदर फांसी लगा ली। महिला को फांसी पर लटकते देख परिजन हल्ला-गुहार मचाते हुये नीचे उतारा, लेकिन तब तक में उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर विवेचना शुरू कर दी है।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99